भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 851
उत्तर देने की तारीख 12 दिसंबर, 2022
सोमवार, 21 अग्रहायण,1944 (शक)

पीएमकेवीवाई में नए सुधार

851. श्री संजय काका पाटील:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने कीकृपा करेंगे किः

(क) कुशल और अकुशल श्रमिकों के प्रशिक्षण के लिएप्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) में किए गए नएसुधारों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पीएमकेवीवाई प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या बढ़ाने केलिए महाराष्ट्र राज्य के लिए किसी नए कोष को स्वीकृति दी गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी जिले-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) प्रशिक्षुओं के लिए पीएमकेवीवाई के तहत शामिल किएजाने के लिए प्रस्तावित नए प्रशिक्षण कार्यक्रमों या कौशल का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) वर्ष 2015 में देश के युवाओं को कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। पीएमकेवीवाई के पहले चरणों, अर्थात 1.0, 2.0 और 3.0 के कार्यान्वयन से प्राप्त अनुभव के आधार पर, मंत्रालय ने पीएमकेवीवाई के नए संस्करण अर्थात पीएमकेवीवाई 4.0 को पुनःतैयार और अद्यतन किया है। वर्तमान में, पीएमकेवीवाई 4.0 के प्रस्ताव का मूल्यांकन और अनुशंसा व्यय वित्त समिति (ईएफसी) द्वारा की गई है।

(ख) से (घ) (क) को ध्यान में रखते हुए, प्रश्न नहीं उठता है।

****